**सुविचार**

**हमें पता होना चाहिए कि भाग्य भी कमाया जाता है थोपा नहीं जा सकता। और ऐसी कोई कृपा नहीं है जो कमाई ना जा सके।**

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर

सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 62 | पंचकूला। बुधवार, 8 अप्रैल 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## बंगाल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बन रही है सरकार : नायब सैनी

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बंगाल की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाना चाहते हैं। इसलिए बंगाल में चारों तरफ भाजपा की लहर चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याशी का नामांकन भरने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने श्रीरामपुर विधानसभा के प्रत्याक्षी के पक्ष में रोड शो कर लोगों से भाजपा के समर्थन में वोट डालने की अपील की। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लगातार कम्युनिष्ट पार्टी ने बंगाल के लोगों का शोषण किया है। बड़ी अपेक्षा के साथ लोगों ने ममता बनर्जी की सरकार बनाई थी, लेकिन इस सरकार ने कम्युनिस्टों से भी ज्यादा अत्याचार किए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल के लोगों ने अब मन बना लिया है कि बीजेपी सरकार बनानी है बंगाल में ना रोजगार है, ना किसानों की एमएसपी पर फसल बिक रही है और न ही उचित मूल्य दिया जा रहा है। बंगाल में महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार ने जिस प्रकार का ताण्डव किया है, उससे जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने घुसपैठियों को संरक्षण देने का कार्य किया है। इससे हमारी आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक ताने-बाने को ठेस पहुंचाने का काम किया है। भ्रष्टाचार में फसी हुई ममता सरकार स्वंय को साधारण होने का दिखावा करती है लेकिन उनकी सरकार में बड़े बड़े घोटाले हो रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गरीब लोगों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने अब तक 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य किया है। भाजपा की नीतियों से गरीब व्यक्तियों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की बहुत सारी जनहितैषी नीतियां हैं लेकिन पश्चिमी बंगाल में एक भी नीति को लागू नहीं किया गया। आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं राजनीतिक द्वेष के चलते बंगाल में लागू नहीं की गईं। इसका परिणाम है कि बंगाल में और अधिक गरीबी बढ़ती जा रही है। जिसके चलते बंगाल के लोग ममता सरकार से निजात पाना चाह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोड शो में लोगों का उत्साह एवं जोश देखने वाला बनता है। यहां के लोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बंगाल का विकास चाहते है। बंगाल से उद्योगों का पलायन हो गया है। इसके अलावा युवाओं को भी रोजगार के लिए दूसरे स्थानों पर पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। बंगाल का युवा सरकार से आहत हैं और बंगाल में भय और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में गरीब परिवारों के लोगों को मकान बनाकर दिए जा रहे है। देश के 80 करोड़ लोगों को भाजपा सरकार राशन पहुंचाने का काम कर रही है। विकसित भारत विकसित बंगाल के उद्देश्य से जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि लोग विश्वास सम्मान चाहते है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही सम्भव है।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की लहर, पांच राज्यों में बनेगी सरकार : कुलभूषण गोयल

पंचकूला। पंचकूला के पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा है कि पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के चुनाव में भाजपा की सरकारें बनेगी। बंगाल की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाना चाहते हैं।



इसलिए बंगाल में चारों तरफ भाजपा की लहर चल रही है। कुलभूषण गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा धुंआधार प्रचार किया जा रहा है, जिसका भरपूर लाभ भाजपा को मिल रहा है। कुलभूषण गोयल ने कहा कि लगातार कम्युनिस्ट पार्टी ने बंगाल के लोगों का शोषण किया है। ब?ी अपेक्षा के साथ लोगों ने ममता बनर्जी की सरकार बनाई थी, लेकिन इस सरकार ने कम्युनिस्टों से भी ज्यादा अत्याचार किए है। बंगाल के लोगों ने अब मन बना लिया है कि बीजेपी सरकार बनानी है बंगाल में ना रोजगार है, ना किसानों की एमएसपी पर फसल बिक रही है और न ही उचित मूल्य दिया जा रहा है। भ्रष्टाचार में फसी हुई ममता सरकार स्वंय को साधारण होने का दिखावा करती है लेकिन उनकी सरकार में ब? ब? घोटाले हो रहे है। देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गरीब लोगों की भलाई के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ने अब तक 25 करो? लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का कार्य किया है। भाजपा की नीतियों से गरीब व्यक्तियों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। बंगाल के लोग प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बंगाल का विकास चाहते है। बंगाल से उद्योगों का पलायन हो गया है। इसके अलावा युवाओं को भी रोजगार के लिए दूसरे स्थानों पर पलायन करने के लिए मजबूर होना प?ा है। बंगाल का युवा सरकार से आहत हैं और बंगाल में भय और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

## एक नजर

### पियूष जैन बने भारत विकास परिषद के नए प्रधान



**पंचकूला।** भारत विकास परिषद के नए पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। नई कार्यकारणी में पियूष जैन प्रधान, अनिरुद्ध भट्ट सचिव एवं मनीषा गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। पियूष जैन ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा आने वाले समय में कई कार्यक्रम किए जाएंगे। अलग-अलग स्कूलों में भारत को जानो प्रतियोगिता, दुर्गा स्तुति, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन, बाल संस्कार शिविर, योग शिविर, समूह गान प्रतियोगिता, हर घर तिरंगा, सहयोग प्रकल्प में पर्यावरण गतिविधियां होंगी। महिलाओं को शिक्षित करने एवं अन्य कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर प्रेस सचिव सुरिंद्र अरो?ा, विवेक वर्मा उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

**चंडीगढ़।** जिला अदालत ने नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म और सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सजा पाने वाले दोषी की पहचान सेक्टर-56 के रहने वाले 22 वर्षीय रोहित उर्फ रणधीर सिंह के रूप में हुई है। दायर मामले के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस ने करीब 2 साल पहले 2024 में पीड़िता नाबालिग की शिकायत पर दोषी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया था। शिकायत के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि फरवरी 2021 में पीड़िता की दोषी से सेक्टर-56 स्थित स्कूल के बाहर मुलाकात हुई थी। बातचीत के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई। दोषी ने पीड़िता का मोबाइल फोन अपने पास रख लिया और उसे वापस करने के बहाने अपने घर बुलाया। पीड़िता का आरोप था कि दोषी ने घर बुलाकर उसकी इच्छा के खिलाफ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। दोषी स्कूल की दीवार फांदकर भी पीड़िता को डराता-धमकाता था। शिकायत में यह भी बताया गया कि दोषी ने पीड़िता की फर्जी आई.डी बनाकर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो पोस्ट करने की धमकी दी। उसने पीड़िता को धमकाया कि यदि उसने उसकी बात नहीं मानी तो वह उसका सामूहिक दुष्कर्म कराएगा। लगातार मानसिक दबाव के चलते पीड़िता ने आत्महत्या का प्रयास भी किया था, लेकिन उसकी मां ने समय रहते उसे बचा लिया।

### बस स्टैंड पर दिनदहाड़े युवक ने लड़की के पीठ पर चाकू से किया हमला

**न्यू-चंडीगढ.** मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ के स्थानिय लोकल बस स्टैंड पर दिनदहाड़े एक युवक ने एक लड़की के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ की थाना पुलिस पार्टी मौके पर पहुंची और पुलिस ने उस घायल लडकी को घायल अवस्था में चंडीगढ़ के सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया , जहां लड़की की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर लोगों ने उस हमलावर युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस अब आगे की कार्रवाई कर रही है।

### जम्मू-कश्मीर में 16 साल से फरार पाकिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा टेरर मॉड्यूल से जुड़े कुल 5 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो पाकिस्तानी आतंकी हैं, बाकी उनके मददगार हैं। एक आतंकी की पहचान अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा के रूप में हुई है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था। वहीं, दूसरा पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसियां भी इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ सामान भी बरामद किया। जांच में रुझ्र के एक नेटवर्क का पता चला, जो आतंकवादियों को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल मदद करता था। अधिकारियों के मुताबिक, पकड़े गए पांच लोगों में श्रीनगर के तीन लोग शामिल हैं।

# ईरान के खार्ग आइलैंड पर अमेरिका का हमला

## डेडलाइन खत्म होने से पहले ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** अमेरिका और इजराइल ने मंगलवार को ईरान के खार्ग आइलैंड पर हमला किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, यहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया है। ईरान के करीब 80 से 90 प्रतिशत कच्चे तेल का निर्यात खार्ग आइलैंड से होता है। यहां बड़े तेल टर्मिनल, पाइपलाइन, स्टोरेज टैंक और जहाजों में तेल भरने की फैसिलिटी मौजूद हैं। इससे हर दिन करीब 70 लाख बैरल तक तेल जहाजों में भरा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कुछ दिन पहले धमकी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला तो उसके जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जाएगा।

अभी इस डेडलाइन को खत्म होने में 12 घंटे बाकी हैं। वहीं ईरानी सेना ने कहा कि अब वे चुप नहीं बैठेंगे। अमेरिका और उसके साथियों के ठिकानों पर हमला किया जाएगा।

ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को एक ही रात में खत्म किया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान तय समय से पहले अमेरिका से समझौता नहीं करता, तो कार्रवाई कभी भी हो सकती है और यह मंगलवार रात भी हो सकती है।

ट्रम्प की शर्त है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट को खोले। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई गुजरती है। इसके लिए उन्होंने मंगलवार रात 8 बजे (वॉशिंगटन समय) तक की डेडलाइन दी है, जो भारत में बुधवार सुबह 5.30 बजे होती है। व्हाइट हाउस में ट्रम्प ने कहा कि उन्हें लगता है कि ईरान के नेता बातचीत तो कर रहे हैं, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि कोई समझौता होगा या नहीं। वहीं, ईरान ने अस्थायी युद्धविराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। उसने कहा है कि वह स्थायी समाधान चाहता है और उस पर लगे प्रतिबंध हटाए जाएं।



### 1 करोड़ 40 लाख ईरानी, देश के लिए जान कुर्बान करने को तैयार : राष्ट्रपति

तेहरान, 7 अप्रैल। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को तबाह करने की धमकी के महज कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने बड़ा दावा किया है। ईरानी राष्ट्रपति ने एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि देश की रक्षा के लिए जनता खुद को कुर्बान करने के लिए तैयार है। उन्होंने एक्स पर लिखा, अब तक 14 मिलियन (1 करोड़ 40 लाख) से ज्यादा बहादुर ईरानियों ने ईरान की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान करने का ऐलान कर दिया है। मैंने भी ईरान के लिए अपनी जान कुर्बान की है, कर रहा हूं और करता रहूंगा। बता दें कि ईरान की आबादी लगभग 90 मिलियन है। पेजेश्कियन से पहले, देश के सुप्रीम काउंसिल ऑफ यूथ एंड एडोलसेंट्स के सचिव (युवा और खेल मामलों के उपमंत्री) अलीरेजा रहीमी ने ऊर्जा संयंत्रों के बाहर प्रबुद्ध ईरानी जनों और युवाओं को मानव श्रृंखला बनाने की सलाह दी थी। रहीमी ने सोशल मीडिया पोस्ट में भी लिखा, हम सब हाथों में हाथ डालकर यह कहेंगे कि सार्वजनिक ढांचे पर हमला करना युद्ध अपराध है। इस बीच इजरायल की ओर से ईरान पर हमले लगातार जारी हैं। आईडीएफ ने मंगलवार को लोगों को ट्रेन से सफर न करने की चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि अगले 12 घंटे तक ट्रेन का इस्तेमाल न करें और रेल की पटरियों से भी दूर रहें। द टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार सेना का मानना है कि आतंकी गतिविधियों के लिए रेल मार्ग का उपयोग किया जाता है। आईडीएफ ने मंगलवार को एक्स पर बयान जारी कर कहा, प्रिय नागरिकों, आपकी सुरक्षा के लिए हम आपसे अपील करते हैं कि अभी से लेकर रात 9 बजे (ईरान समय) तक पूरे देश में ट्रेन से यात्रा न करें।

## स्ट्रीट वेंडर्स को स्वच्छता व ग्राहक सुरक्षा के लिए किया जागरुक



**पंचकूला।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नगर निगम पंचकूला द्वारा शहर के विभिन्न बाजारों सेक्टर 16, सेक्टर 14 और सेक्टर 4 में रेहड़ी-पटरी, ठेले वालों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए विशेष स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित खान-पान उपलब्ध कराना तथा बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर की खाद्य संस्कृति में स्ट्रीट वेंडर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है।

ऐसे में उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि वे स्वच्छता मानकों का पालन करते हुए ग्राहकों का भरोसा बनाए रखें। अभियान के तहत विक्रेताओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ पानी के उपयोग, भोजन को ढककर रखने और कचरा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक किया गया।

विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि वे खाना बनाते और परोसते समय साफ कपड़े पहनें, दस्ताने और कैप का उपयोग करें तथा खांसते-छींकते समय सावधानी बरतें। साथ ही, ग्राहकों को ताजा और ढका हुआ भोजन परोसने, स्वच्छ पानी का उपयोग करने और ठेले के पास ढक्कन वाला कूड़ेदान रखने पर विशेष जोर दिया गया।

अभियान के दौरान डिजिटल पेमेंट को भी बढ़ावा देने की अपील की गई, ताकि नकदी के संपर्क से होने वाले संक्रमण के खतरे को कम किया जा सके। इसके अलावा विक्रेताओं को ग्राहकों के साथ विनम्र व्यवहार रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर निगम कमिश्नर विनय कुमार ने कहा कि रेहड़ी-पटरी वाले शहर की जीवनरेखा हैं और यदि वे स्वच्छता के छोटे-छोटे नियमों का पालन करें तो न केवल ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि होगी और शहर स्वस्थ बनेगा। संयुक्त सचिव कमिश्नर सिमरनजीत कौर ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता का पालन करने वाले वेंडर्स को प्राथमिकता दें और उन्हें प्रोत्साहित करें, ताकि शहर में स्वच्छ और सुरक्षित खान-पान की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके।

## सेक्टर-16 अग्रवाल भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में जीवन के मूल्यों का महत्व समझाया

# भागवत कथा में भगवान के रूप लीलाओं सुनने से सब रोगों से मुक्ति मिलती है : गोपाल दास





पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला, 7 अप्रैल।** सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास श्री साक्षी गोपाल दास ने भक्तों को भक्ति, धर्म और जीवन के मूल्यों का महत्व समझाया।

उन्होंने कहा कि भागवत सभी ग्रंथों का सार है और जो श्रद्धालु सच्चे मन से भगवान के नाम, गुण और लीलाओं का श्रवण करते हैं, वे जीवन में सच्चा आनंद प्राप्त करते हैं तथा अंततः भवसागर से पार होकर भगवत धाम को प्राप्त होते हैं।

उन्होंने कहा कि धर्म के बिना मनुष्य का जीवन पशु समान हो जाता है, लेकिन यदि कोई अत्यधिक दुराचारी व्यक्ति भी सच्चे भक्त की शरण में आकर भक्ति करता है, तो वह भी साधु के समान सम्मान का अधिकारी बन जाता है। श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति में इतनी शक्ति है कि भगवान स्वयं भी अपने भक्त के वचनों को नहीं बदलते। कथा के दौरान हरे कृष्ण महामंत्र के संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। खचाखच भरे श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर झूमते नजर आए। प्रेस सचिव केके भसीन ने बताया कि श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन पर जमकर नृत्य किया।

इस अवसर पर नंद बाबा, चेयरमैन रविंद्र चौहान, कृष्ण गोयल, सुरेंद्र गर्ग, नीरज गोयल, राज गोविंद दास, रामचंद्र दास, विकास बंसल, सूरजभान, सुनील जैन, सुदामा प्रिया दास सहित अन्य सदस्यों ने सामूहिक आरती की।

आयोजकों ने बताया कि 8 अप्रैल को सुबह 6 से 8 बजे तक सेक्टर-4 स्थित मकान नंबर 590 में नगर संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद प्रसाद वितरण होगा। यह कथा 12 अप्रैल तक जारी रहेगी। वहीं 10 अप्रैल को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की जाएगी।

## सिप्पी सिद्धू हत्याकांड में मृतक की मंगेतर को समन

**चंडीगढ़.** शहर के चर्चित और करीब 11 वर्ष पुराने सिप्पी सिद्धू हत्याकांड में मंगलवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई के दौरान डॉ. पी. सिद्धंबरी, वैज्ञानिक अधिकारी, सीएफएसएल, सेक्टर-36, चंडीगढ़ के बयान दर्ज किए गए। अदालत ने अभियोजन पक्ष की आगे की गवाही के लिए 15 मई और 19 मई की तिथि निर्धारित की है। साथ ही अदालत ने अगली सुनवाई के लिए मृतक सिप्पी सिद्धू की मंगेतर इशलीन कौर को समन जारी करने के आदेश दिए हैं। इस बीच, दिवंगत सिप्पी सिद्धू की माता दीपिंदर कौर और पीड़ित के भाई जसमनप्रीत सिंह 'जिप्पी' सिद्धू ने कहा कि हत्या को 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आरोपी अभी भी जमानत पर हैं और उन्हें अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है और उम्मीद जताई कि जल्द ही ट्रायल पूरा होगा तथा दोषियों को सजा मिलेगी और वे सलाखों के पीछे होंगे।

# मान सरकार ने 70 पदों पर सीधी भर्ती को दी मंजूरी, योजना विभाग को किया मजबूत और रोजगार के नए अवसर सृजित : चीमा

## सांख्यिकी निदेशालय में 68 पद भरे जाएंगे, जिनमें 14 सहायक अनुसंधान अधिकारी, 4 वरिष्ठ सहायक और 50 इन्वेस्टिगेटर शामिल

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** राज्य में रोजगार सृजन और प्रशासनिक दक्षता को बड़ा बढ़ावा देते हुए पंजाब के वित्त एवं योजना मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज योजना विभाग में 70 पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया को औपचारिक रूप से मंजूरी प्रदान कर दी है। यहां जारी एक प्रेस बयान में यह खुलासा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने एक प्रेस बयान में कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार विभागीय कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने और युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि दो प्रमुख संस्थाओं—सांख्यिकी निदेशालय तथा आर्थिक नीति एवं योजना बोर्ड—के अधीन विभिन्न ग्रुप-ए, बी और सी श्रेणियों के पदों पर सीधी भर्ती शुरू करने की औपचारिक स्वीकृति दे दी गई है। स्वीकृत पदों का श्रेणीवार विवरण साझा करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि कुल 70 रिक्त पदों में से 68 पद सांख्यिकी निदेशालय में भरे जाएंगे। इनमें 14 सहायक अनुसंधान अधिकारी, 4 वरिष्ठ सहायक और 50 इन्वेस्टिगेटर की सीधी भर्ती शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि शेष 2 पद आर्थिक नीति एवं योजना बोर्ड को आवंटित किए गए हैं, जिनमें एक ग्रुप-ए प्रोग्रामर और एक वरिष्ठ सहायक की भर्ती की जाएगी। इस निर्णय की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि प्रारंभ में पंजाब कैबिनेट के समक्ष एक प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें इन दोनों संस्थाओं में विभिन्न श्रेणियों के तहत 140 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव था। उन्होंने कहा कि 29 मार्च 2026 को आयोजित कैबिनेट बैठक के दौरान प्रस्तावित पदों में से 50 प्रतिशत पदों को भरने की मंजूरी दी गई, जिससे वर्तमान भर्ती अभियान के लिए स्वीकृत पदों की कुल संख्या 70 हो गई। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस संशोधित प्रस्ताव की औपचारिक स्वीकृति के बाद अब अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड (एसएसबी) को औपचारिक पत्र भेजा जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एसएसबी द्वारा भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन महत्वपूर्ण पदों को शीघ्र तथा पारदर्शी तरीके से भरा जा सके।

### पंजाब का आबकारी राजस्व लक्ष्य 11,782 करोड़ तक पहुँचा

पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहाँ घोषणा की कि आबकारी एवं कर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठोस आबकारी नीति उपायों और कुशल प्रशासनिक कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप राजस्व संग्रह में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। उन्होंने बताया कि 11,200 करोड़ रुपये के संशोधित आबकारी राजस्व लक्ष्य के मुकाबले विभाग ने 31 मार्च, 2026 तक सफलतापूर्वक 11,782 करोड़ रुपये एकत्र किए, जो लक्ष्य से 582 करोड़ रुपये अधिक हैं। व्यापक वित्तीय उपलब्धियों को साझा करते हुए वित्त मंत्री ने इस सफलता का श्रेय सीधे तौर पर राज्य सरकार के सक्रिय शासन और व्यापार-हितैषी नीतियों को दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, 'विशेष रूप से, पिछले चार वर्षों में आबकारी राजस्व लगभग दोगुना हो गया है, जो 6,254.84 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,782 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, और वर्ष 2026-27 के लिए 12,800 करोड़ रुपये का नया लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह उपलब्धि पारदर्शिता और नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए राजस्व अधिकतम करने के प्रति विभाग की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।' आगामी वित्तीय वर्ष की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री ने रणनीतिक वित्तीय लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति 10,520 करोड़ रुपये के अनुमानित लाइसेंस शुल्क लक्ष्य के साथ तैयार की गई है, जबकि वर्ष 2025-26 में यह 9,877 करोड़ रुपये था। यह उल्लेखनीय है कि राज्य के सभी 207 खुदरा शराब समूह वर्ष 2026-27 के लिए आवंटित किए जा चुके हैं, जो राज्य सरकार की आबकारी नीति में लाइसेंसधारकों के विश्वास को दर्शाता है। आबकारी नीति 2026-27 को समग्र रूप से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, जिसने राज्य के खजाने में राजस्व के निरंतर प्रवाह को बनाए रखने के साथ-साथ शराब व्यापार में स्थिरता सुनिश्चित की है।' राज्य के राजस्व स्रोतों में लगातार हो रही वृद्धि पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की भविष्य की रणनीतियों पर जोर दिया।

## एक नजर

### शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में बढ़ते कर्ज संकट पर चिंता जताई

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने मंगलवार को पंजाब में बढ़ते कर्ज संकट पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी सरकार ने 1,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज लेकर राज्य की वित्तीय स्थिति पर और बोझ डाल दिया है। सरकार की वित्तीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए मजीठिया ने दावा किया कि यह नया कर्ज ऐसे समय में लिया गया है, जब राज्य पहले से ही भारी कर्ज में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय अनुशासन पर ध्यान देने या देनदारियों को कम करने के बजाय, सरकार कर्जों पर निर्भर रहना जारी रखे हुए है, जिससे पंजाब और भी गहरे वित्तीय संकट में डूब रहा है। मजीठिया ने कहा कि 1,500 करोड़ रुपए के इस कर्ज का इस्तेमाल दिल्ली स्थित आम आदमी पार्टी के नेतृत्व, विशेष रूप से पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए विमानों की सैर और सरकारी विज्ञापनों पर किया जा रहा है। उन्होंने खर्च की आलोचना करते हुए कहा कि जब प्रमुख क्षेत्र अभी भी संघर्ष कर रहे हैं, तब सार्वजनिक धन को प्रचार-प्रसार या इस तरह की मनोरंजन यात्राओं और विलासिता पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए। किसानों की दुर्दशा पर जोर देते हुए अकाली नेता ने कहा कि सरकार को इन निधियों का उपयोग फसल क्षति और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को मुआवजा देने के लिए करना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि तत्काल वित्तीय सहायता समय की आवश्यकता है, विशेष रूप से उन किसानों के लिए जो पहले से ही आर्थिक दबाव में हैं। गुजरात में केजरीवाल द्वारा दिए गए हालिया राजनीतिक बयान का जिक्र करते हुए अकाली नेता मजीठिया ने कहा कि दावा किया गया है कि पंजाब के किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान के लिए प्रति एकड़ 50,000 रुपए का मुआवजा दिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर ऐसी घोषणा सार्वजनिक रूप से की गई है, तो पंजाब सरकार को इस प्रतिबद्धता को पूरा करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसानों को बिना देरी किए प्रति एकड़ 50,000 रुपए का मुआवजा मिले। उन्होंने यह भी बताया कि बाढ़ के दौरान किए गए पर्याप्त मुआवजे का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है और सरकार पर अपने आश्वासनों पर खरा न उतरने का आरोप लगाया।

### जीरकपुर नगर परिषद में प्रधान उदयवीर ढिल्लों की नेम प्लेट हटाई

**जीरकपुर.** शहर की नगर परिषद में मंगलवार को बड़ा प्रशासनिक बदलाव देखने को मिला, जब परिषद कार्यालय से पूर्व प्रधान उदयवीर ढिल्लों की नेम प्लेट हटा दी गई। इस कदम के साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि नगर परिषद का कार्यकाल पूरी तरह समाप्त हो चुका है और अब प्रशासन ने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है। सरकार की ओर से जीरकपुर और डेराबस्सी नगर परिषद के लिए एसडीएम को प्रशासक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद अब नगर परिषद के सभी कार्य—चाहे वे विकास से जुड़े हों या प्रशासनिक निर्णय—प्रशासक के अधीन किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद का कार्यकाल पूरा होने के चलते हाउस को भंग कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रधान सहित सभी पार्षद अब पूर्व पदाधिकारी माने जाएंगे और उनकी प्रशासनिक शक्तियां समाप्त हो गई हैं। नगर परिषद कार्यालय में नेम प्लेट हटाने की कार्रवाई होते ही यह मामला चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों में इस बदलाव को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आईं—कुछ लोगों ने इसे प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा बताया, जबकि कई ने शहर के विकास कार्यों की गति को लेकर चिंता भी जताई। अब शहर में सफाई, स्ट्रीट लाइट, पानी, सीवरेज और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन पर आ गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह देखना अहम होगा कि प्रशासन शहर के विकास कार्यों को किस तरह आगे बढ़ाता है और लोगों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है।

### ढकोली में कार में बैठकर ऑनलाइन सट्टा चलाता आरोपी गिरफ्तार

जीरकपुर. ढकोली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार में बैठकर लैपटॉप और मोबाइल के जरिए सट्टा (जुआ) चला रहे एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की पहचान शिवा भाटिया निवासी मेट्रो टाउन पीरमुछल्ला के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक गश्त के दौरान एक मुखबिर ने सूचना दी कि शिवा भाटिया अपनी कार में बैठकर होटल ड्रीम इन ढकोली के पास खाली जगह पर सट्टा चला रहा है। वह लैपटॉप और मोबाइल फोन के जरिए लोगों को ज्यादा पैसे का लालच देकर गुमराह कर रहा है और उनसे दांव लगवा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी के खिलाफ पंजाब गैम्बलिंग एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में शामिल था और लोगों को झांसे में लेकर पैसे कमाता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।

### पंजाब सरकार ने वरिष्ठ पत्रकार जतिंदर देवगन को पंजाब और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग का जिला सदस्य नियुक्त किया



**बरनाला.** पंजाब के वरिष्ठ पत्रकार जतिंदर देवगन बरनाला को पंजाब सरकार के पंजाब राज्य और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के जिला कौर समूह के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया और उन्हें चंडीगढ़ में पंजाब मानवाधिकार आयोग, पंजाब और चंडीगढ़ द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब मानवाधिकार आयोग, पंजाब और चंडीगढ़ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संत प्रकाश भी उपस्थित थे। न्यायमूर्ति गुरवीर सिंह और पद्म श्री जितेंद्र सिंह शांति के अलावा, पंजाब सरकार के मुख्य सचिव केपी सिन्हा, चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव और चंडीगढ़ के डीजीपी डॉ. सागर प्रीत हुड्डा आदि ने भाग लिया।जितेंद्र देवगन ने कहा कि उन्होंने अतीत में भी मानवाधिकारों की रक्षा करते हुए कई कठिनाइयों का सामना किया है, लेकिन वह मानवाधिकारों की रक्षा के लिए लड़ना जारी रखेंगे और किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं हटेंगे।उन्होंने इस नियुक्ति के लिए पंजाब राज्य और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्म जतिंदर शांति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और मानवाधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर बोलते हुए पद्म श्री जतिंदर सिंह शांति ने कहा कि जिलों में नियुक्त कौर समिति के सदस्य पंजाब राज्य और चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोकने के लिए एक सेतु का काम करेंगे।वे हर तरह के उत्पीड़न और मानवाधिकार उल्लंघन की जानकारी हमारे साथ साझा करेंगे।

## वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कर्मचारी यूनियनों के साथ मांगों के समाधान को लेकर की बातचीत



**चंडीगढ़.** पंजाब के वित्त मंत्री तथा कर्मचारियों की शिकायतों संबंधी कैबिनेट सब-कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां कर्मचारी यूनियनों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन विचार-विमर्श का मुख्य उद्देश्य संबंधित यूनियनों से जुड़े कर्मचारियों को आ रही समस्याओं और उनकी मांगों का समाधान करना था।

करीब दो घंटे तक चली इन बैठकों के दौरान वित्त मंत्री ने यूनियन नेताओं द्वारा प्रस्तुत मांगों और मुद्दों को सहानुभूति के साथ विस्तार से सुना। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वित्त मंत्री ने संबंधित सरकारी विभागों के उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। वित्त मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जायज़ मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए तुरंत आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाए। इसके अलावा उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को यह भी आदेश दिया कि वे संबंधित यूनियनों के साथ विशेष फॉलो-अप बैठकें करें, ताकि उनके विशिष्ट मुद्दों का तेज, प्रभावी और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यूनियन प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि पंजाब सरकार राज्य में सहयोगपूर्ण और सकारात्मक प्रशासनिक माहौल बनाने के लिए सभी कर्मचारी संगठनों के साथ खुली बातचीत जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस विस्तृत बैठक में भाग लेने वाली यूनियनों में आई.ई.ए.टी स्पेशल बी.एड पास एजुकेशन यूनियन का प्रतिनिधित्व राकेश कुमार, मनजिंदर सिंह और जगरूप कौर ने किया। आशा वर्कर्स एवं आशा फैसिलिटेटर्स निरोल यूनियन के प्रतिनिधिमंडल में किरणदीप कौर, जसवीर कौर और पवनप्रीत कौर शामिल थीं। इस दौरान रणजीत सिंह और भूपिंदर सिंह रोपड़ ने एन.एस.एफ.क्यू वोकेशनल टीचर्स फ्रंट की चिंताओं को प्रभावी ढंग से रखा।

इसके अतिरिक्त, गवर्नमेंट कॉलेज सीनियर लैब अटेंडेंट यूनियन की ओर से अंग्रेज सिंह, सुरजीत सिंह और सचिव सिंह ने अपने विभाग से संबंधित मांगों पर चर्चा की। अंत में कुलदीप सिंह, बजिंदर सिंह और गुरपिंदर कौर ने पंजाब नेत्रहीन यूथ एसोसिएशन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और मांगों को उठाते हुए यह सुनिश्चित किया कि विशेष जरूरतों वाले युवाओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना और दर्ज किया जाए।

## पंजाब को लौटाएंगे उसकी खोई हुई शान, बनाएंगे फिर से स्वर्ण राज्य : नवजोत कौर सिद्धू




**चंडीगढ़।** पूर्व क्रिकेटर व कांग्रेस के पूर्व पंजाब अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने नई पार्टी बना ली है, जिसका नाम भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी रखा है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी पंजाब को उसकी खोई हुई पुरानी शान एक स्वर्ण राय होने का गौरव वापस दिलाने का काम करेगी। नवजोत कौर सिद्धू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक फोटो पोस्ट की है, जिसके बैकग्राउंड में नई पार्टी का नाम भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी लिखा है। इस फोटो को पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा है कि बहुप्रतीक्षित घोषणा। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रीय स्तर पर एक नए विकल्प का काम किया है, जिसमें हमने वर्तमान राजनीतिक नेताओं के प्रदर्शन मानकों का गहराई से अध्ययन और मूल्यांकन किया है। हम केवल अपने देश के लिए अपना जीवन समर्पित करना चाहते हैं और लोगों को वही देना चाहते हैं, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं और हमसे अपेक्षा रखते हैं। नवजोत कौर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि यह एक दिव्य प्रेरणा है, जिसने कुछ ऐसे समान विचारधारा वाले लोगों को एक साथ ला दिया है, जिनके पास हर राय में काम करने की क्षमता, आत्मविश्वास, साहस और दृढ़ संकल्प है। उनका साझा लक्ष्य है न्याय और शांति प्रदान करना और प्रेम के माध्यम से उच चेतना की ऊर्जा के साथ काम करते हुए ठीक वही कर दिखाना जो वाहेगुरु जी हमसे चाहते हैं।

उन्होंने कहा, हम पंजाब को उसकी खोई हुई पुरानी शान एक स्वर्ण राय होने का गौरव वापस दिलाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। एक ऐसा राय जहां लोग प्रेम, मिल-बांटकर रहने, न्याय, स्वतंत्रता के अधिकार और आजादी की शक्ति को पहचानते हों। जहां लोग बिना किसी बाहरी दखल के निस्वार्थ सेवा और आध्यात्मिक विकास के उद्देश्य से काम करते हुए अपने लक्ष्यों, मूल्यों और दृष्टिकोण को प्राप्त करते हों।

उन्होंने कहा, यह पंजाब के लोगों की, लोगों के लिए और लोगों द्वारा चलाई जाने वाली सरकार होगी। हम सत्य तथा प्रेम के उस मार्ग पर चलेंगे जो स्वयं वाहेगुरु जी की भाषा है। गौरतलब है कि डॉ. नवजोत कौर ने जब कांग्रेस में सीएम की कुर्सी 500 करोड़ में बिकने वाला आरोप लगाया तो उसके बाद पंजाब की राजनीति में उथल-पुथल मच गई। कांग्रेस के स्थानीय नेता से लेकर हाईकमान तक सब विपक्ष के निशाने पर आ गए। उसके बाद पार्टी ने सख्त रवैया दिखाते हुए नवजोत कौर को शोकॉज नोटिस जारी किया।

पार्टी उन्हें बाहर का रास्ता दिखाती, उससे पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी। कांग्रेस छोड़ने के बाद नवजोत कौर ने केंद्र सरकार की तारीफ करनी शुरू की तो कयास लगाए जा रहे थे कि वह भाजपा में शामिल होंगी, लेकिन देर रात सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पार्टी लॉन्च करके उन्होंने सभी को हैरत में डाल दिया। हालांकि, पार्टी की घोषणा करते वक्त उनके साथ उनके पति नवजोत सिंह सिद्धू नहीं दिखे।

### गैंगस्टरों ते वार का 77वां दिन

## 501 स्थानों पर की छापेमारी, 202 काबू

**चंडीगढ़.** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई निर्णायक 'गैंगस्टरों ते वार' मुहिम के 77वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 501 ठिकानों पर छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई एक व्यापक मुहिम है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी 2026 को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए जी टी एफ ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें राज्यभर में विशेष अभियान चला रही हैं। 77वें दिन की कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 202 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत से अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 19,450 हो गई है। इसके अतिरिक्त 89 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 58 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। इस दौरान पुलिस ने 10 भगोड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। जनता एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 के माध्यम से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में गुप्त रूप से जानकारी दे सकती है तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं साझा कर सकती है। इसी दौरान पंजाब पुलिस ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान को 402वें दिन भी जारी रखते हुए 112 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया।

## पंजाब पुलिस ने 4 तस्करों को किया गिरफ्तार, 16.8 किलो हेरोइन बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादन ने बताया कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस से मिली गुप्त सूचना के आधार पर कपूरथला पुलिस ने फगवाड़ा इलाके में छापेमारी कर 16.8 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। साथ ही, इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह हेरोइन की खेप भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र से लाई गई थी, जिसे चंडीगढ़ पहुंचाना था। जांच एजेंसियों को इस नेटवर्क के तार पाकिस्तान और दुबई में बैठे हैंडलर्स से जुड़े होने के संकेत मिले हैं, जो इस पूरे तस्करी रैकेट को संचालित कर रहे थे। एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। डीजीपी गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए लिखा, अमृतसर ग्रामीण पुलिस से मिली गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कपूरथला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने फगवाड़ा इलाके से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 16.8 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह खेप सीमावर्ती इलाके से लाई गई थी और इसे चंडीगढ़ पहुंचाया जाना था। इस तस्करी नेटवर्क को पाकिस्तान और दुबई में बैठे हैंडलर संचालित कर रहे थे। डीजीपी ने आगे बताया कि फगवाड़ा के सदर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई है। पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है और इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है। पंजाब पुलिस नशीले पदार्थों के नेटवर्क को खत्म करने और एक सुरक्षित, नशामुक्त पंजाब सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## विजिलेंस ब्यूरो द्वारा 20 हजार रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में कंडक्टर गिरफ्तार

**चंडीगढ़.** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी अपनी मुहिम के तहत पी.आर.टी.सी. डिपो बठिंडा में तैनात कंडक्टर नरेंद्र सिंह उर्फ लाडी को 20,000 रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को तहसील तलवंडी साबो, जिला बठिंडा के निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता पीआरटीसी डिपो बठिंडा में ड्राइवर के रूप में कार्यरत है और वह अपना बस रूट बदलवाना चाहता था इस संबंध में आरोपी केवल कृष्ण, फिटर इंचार्ज बस स्टैंड गोनियाना और कंडक्टर नरेंद्र सिंह उर्फ लाडी ने बस रूट बदलने के बदले शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार वह किसी भी प्रकार की रिश्वत नहीं देना चाहता था, जिसके चलते उसने विजिलेंस ब्यूरो रेंज बठिंडा से संपर्क किया। शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और आरोपी कंडक्टर को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये रिश्वत मांग रहा था। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो थाना बठिंडा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। सह-आरोपी फिटर केवल कृष्ण को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले की आगे की जांच जारी है।

### प्रताप सिंह बाजवा के 'दीमक' वाले बयान पर अमन अरोड़ा का तीखा पलटवार

## 'मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं बाजवा', अमन अरोड़ा का कटाक्ष

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ.** पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता अमन अरोड़ा ने कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा संगरूर की धरती और 'आप' को दीमक बताने वाली टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया है। अरोड़ा ने कहा कि बाजवा साहब को 'जुबान का रोग' हो गया है, जिसके कारण उन्हें यह समझ नहीं आता कि सार्वजनिक मंच पर क्या और कैसे बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजवा का यह बयान उनकी हताशा और पंजाब की जनता के प्रति उनकी नफरत को दर्शाता है। अमन अरोड़ा ने बाजवा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिस धरती को वह 'दीमक' से जोड़ रहे हैं, वह शहीद उधम सिंह जैसे महान योद्धाओं, संत बाबा अतर सिंह जी जैसे विद्वानों और संत सेवा सिंह ठीकरीवाला व कूका लहर को जन्म देने वाली पावन धरती है। इस पवित्र मिट्टी का अपमान कर बाजवा ने न केवल संगरूर नहीं, बल्कि पूरे पंजाब की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इसके लिए उन्हें पंजाब की जनता से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए। 2027 में सरकार बनाने के बाजवा के दावों को %मुंगेरी लाल के हसीन सपने% करार देते हुए अरोड़ा ने कहा कि कांग्रेस नेता गलतफहमी में जी रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछली बार तो कांग्रेस 18 सीटों पर सिमट गई थी, लेकिन 2027 के चुनाव में इनके लिए 2 सीटें बचाना भी मुश्किल हो जाएगा। पंजाब की जनता भली-भांति जानती है कि राज्य की खुशहाली का रास्ता केवल आम आदमी पार्टी के पास है। अमन अरोड़ा ने दावा किया कि संगरूर वही जगह है जहां से कांग्रेस के पतन की शुरुआत हुई थी और हाशिए पर पहुंची थी। उन्होंने चेतावनी दी कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब की जागरूक जनता कांग्रेस का पूरी तरह से सूपड़ा साफ कर देगी और इनके अहंकारी बयानों का जवाब वोट की चोट से देगी।

## भारत-पाक बॉर्डर पर 200 मीटर तक फेंसिंग शिफ्ट, पंजाब के 6 सरहदी जिलों में होगा भूमि अधिग्रहण

**चंडीगढ़.** भारत-पाक सीमा पर फेंसिंग को करीब 200 मीटर तक शिफ्ट किए जाने के मामले में बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया गया है। इस कदम के तहत पंजाब के छह सरहदी जिलों में भूमि अधिग्रहण किया जाएगा, जिससे सीमा सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय विकास को भी गति मिलने की उम्मीद है। सरकार ने इस प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने के लिए अहम बदलाव किए हैं। अब भूमि अधिग्रहण से जुड़े सभी अधिकार सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट को सौंप दिए गए हैं। स्ष्ठरूको कलेक्टर की शक्तियां दी गई हैं, जिससे मुआवजा तय करने, पुनर्वास और अन्य प्रशासनिक फैसले जिला स्तर पर ही लिए जा सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार, इस निर्णय से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पहले जहां मुआवजा और पुनर्वास के लिए लंबी प्रशासनिक प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था, वहीं अब फैसले स्थानीय स्तर पर तेजी से होंगे। इससे प्रभावित किसानों को समय पर मुआवजा और पुनर्वास सुविधाएं मिलने की संभावना बढ़ेगी।

## एक नजर

### सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों का पुलिस अधीक्षक ने बढ़ाया हौसला

**डबवाली.** पुलिस जिला डबवाली में कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर, आईपीएस द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विभिन्न थानों, चौकियों एवं शाखाओं में तैनात पुलिस कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों का गहन अवलोकन करने के उपरांत उनका चयन किया गया है । उन्होंने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता और सेवा भावना को सुदृढ़ करने में ऐसे सम्मान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले जिन पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिनमें उप नि. शैलेन्द्र कुमार प्रबंधक थाना सदर व चौकी चौटाला प्रभारी पीएसआई सतपाल सिंह को नशा तस्करी के मामलों में वांछित मुख्य तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए 16 मार्च से 31 मार्च तक चलाए गए विशेष अभियान में सराहनीय कार्य करने के लिए तृतीय श्रेणी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह मंडी डबवाली में हुई स्नैचिंग की वारदात को सुलझाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के लिए चौकी गोल बाजार की टीम, चौकी प्रभारी एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई जगजीत सिंह व एसपीओ राजबीर को तृतीय श्रेणी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया ।उपरोक्त सभी पुलिस कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का दक्षता, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने पर तृतीय श्रेणी प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।पुलिस अधीक्षक श्रीमती निकिता खट्टर, आईपीएस ने प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण भाव से उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया । साथ ही उन्होंने अन्य पुलिस कर्मचारियों से भी इन कर्मठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रेरणा लेकर उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया ।डबवाली पुलिस द्वारा इस प्रकार के सम्मान समारोह पुलिस बल के मनोबल को सुदृढ़ करने और बेहतर पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

### इनेलो कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जननायक देवीलाल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**यमुनानगर.** स्वर्गीय जननायक चौधरी देवीलाल की 25वीं पुण्यतिथि सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर प्रतापनगर हर्बलपार्क में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर पूर्व उपप्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर जिला से आए इनेलो नेता, कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर इनेलो नेताओं ने कहा कि स्वर्गीय चौ. देवीलाल ने सदैव किसान, मजदूर और कमेरों के हकों के लिए आवाज बुलंद की और प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते उन्होंने छतीस बिरादरी और खासकर शोषित वर्ग के लोगों के उत्थान वाली नीतियां बनाई। चौ. देवीलाल ने बुजुर्गों के सम्मान के लिए 100 रुपए मासिक पेंशन की, कर्ज में डूबे किसानों के कर्जे माफ किए, किसानों के ट्रैक्टर को कमर्शियल वाहन से हटा कर गड्डा घोषित किया, अनुसूचित वर्ग के लोगों के लिए चौपालों का निर्माण तथा उनकी महिलाओं के लिए जच्चा-बच्चा भत्ता जैसी लोक भलाई योजनाओं को लागू किया। उन्होंने कि जननायक स्वर्गीय देवीलाल की नीतियों का अनुसरण करना ही इनेलो पार्टी का सर्वप्रथम उद्देश्य है। सर्व समाज के लोगों का उत्थान सिर्फ जननायक ताऊ देवीलाल के पदचिन्हों पर चल कर ही किया जा सकता है और उनकी बताई नीतियों पर चलकर ही हरियाणा प्रदेश में लोकराज की पुनर्स्थापना की जा सकती है।

### सिटी फुटबॉल लीग का शुभारंभ, विभिन्न आयु ग्रुप की 8 टीमों के खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

**हिसार.** हरियाणा यंग क्लब एवं एकेडमी ऑफ ऑल स्पोर्टस सोसायटी, हिसार के संयुक्त तत्वावधान में सिटी फुटबॉल लीग का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी देते हुए कोच नवीन कड़वासरा ने बताया कि इस लीग में 8 टीमें विभिन्न-विभिन्न आयु ग्रुप जैसे अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 में भाग ले रही हैं। इन सभी टीमों के खिलाड़ी हिसार जिले से हैं। लीग का शुभारंभ स्थानीय छाजूराम जाट कॉलेज में प्राचार्य सुरेन्द्र बाजिया द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि लीग के सभी मैच शनिवार एवं रविवार को होंगे। सभी मैचों में बेस्ट प्लेयर को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा लीग का बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोल कीपर व बेस्ट स्कोरर को पुरस्कृत किया जाएगा। लीग के प्रवक्ता प्रवीण राजोरिया ने बताया कि हिसार जिले में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर ऐसी लीग का आयोजन करते रहते हैं, जिसमें खिलाडियों की प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने कहा कि हिसार व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद हैं। अगर उन्हें सही समय पर सही प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया जाए तो निश्चित तौर पर फुटबॉल में प्रदेश एवं देश का भविष्य उज्वल हो सकता है। लीग शुभारंभ कार्यक्रम में फुटबॉल के भीष्म पितामह कहे जाने वाले मदन सिंह राठोड़, डॉ. राकेश शर्मा, परिक्षित श्योकंद, सुरेश, परमवीर, सतीश, विक्रम श्योराण, संजीव, तमन, लाकेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### जीवीएस इंटरनेशनल स्कूल, दुबेटा के अव्वल छात्र सम्मानित

**हिसार.** जीवीएस इंटरनेशनल स्कूल, दुबेटा में गत वर्ष में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता रहे छात्रों को स्कूल प्रांगण में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप सूरा ने बताया कि समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं राजकीय स्कूल के सेवानिवृत प्रिंसीपल बी.एस. चाहर ने मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया तथा पिछले वर्ष स्कूल में आयोजित मेहंदी, डांस आदि प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों, अपनी कक्षाओं में वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों के अलावा गत माह जीनियस करियर इंस्टिट्यूट, दुबेटा के शुभारंभ अवसर पर सहयोग देने वाले छात्रों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सोनू पंघाल, डायरेक्टर संजय सिंह राव, प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप सूरा सहित सभी अध्यापक भी मौजूद रहे।

### भाविप विवेकानंद शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन, राजेश जैन अध्यक्ष बने

**हिसार.** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शाखा की 2026-27 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके अंतर्गत राजेश जैन को अध्यक्ष, सूर्य गोयल को सचिव एवं आशीष जैन को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष अमर गोयल, सचिव सीए नरेश बंसल व कोषाध्यक्ष मनीराम बंसल ने विधिवत रूप से नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश जैन को दायित्व सौंपा। अध्यक्ष राजेश जैन ने कार्यकारिणी बैठक में कहा कि सामान्य अस्पताल में शाखा द्वारा संचालित तिरुपति रसोई, जल सेवा, विकलांग भवन में निःशुल्क आंखों के ऑपरेशन व गौ सेवा प्रकल्प के साथ साथ चिकित्सा शिविर सहित अन्य सेवा, संस्कार व पर्यावरण के कार्य को और अधिक गति देने का काम किया जाएगा। श्री जैन ने कहा कि जल्द ही सदस्यों से विचार विमर्श कर महिला संयोजिका के साथ-साथ सेवा, संस्कार, संपर्क व पर्यावरण गतिविधि संयोजक का दायित्व दिया जाएगा। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष अमर गोयल ने शाखा के कार्यों का ब्यौरा दिया।

# आध्यात्मिक विकास समाज में रहकर निष्काम भाव से कर्तव्य निर्वहन में है: प्रो. असीम घोष

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़.** हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि आध्यात्मिक विकास संसार से दूर जाने में नहीं, बल्कि सजग होकर इसमें सक्रिय भागीदारी करने और निष्काम भाव से अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में है। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने यह बात आज लोक भवन हरियाणा में उनके निजी सचिव शंख चटर्जी द्वारा लिखित दो पुस्तकों 'अद्वैत वेदांत-एक अनोखा दर्शन' और 'सामाजिक दृष्टिकोण में धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र' का विमोचन करते हुए कही।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि अद्वैत वेदांत और कुरुक्षेत्र, जिसे धर्मक्षेत्र के रूप में पूजनीय माना जाता है, दोनों ही मानवता के आध्यात्मिक विकास के बारे में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। अद्वैत वेदांत, जिसे आदि शंकराचार्य ने स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया, हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत आत्मा और सार्वभौमिक चेतना एक ही हैं। यह अलगाव के भ्रम को समाप्त कर साधक को आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक मुक्ति की ओर मार्गदर्शन करता है। कुरुक्षेत्र, जो महाभारत के भीतर भगवद्गीता का पवित्र युद्धक्षेत्र है, मानव जीवन में निहित नैतिक और आध्यात्मिक संघर्ष का प्रतीक है। यहीं भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को शाश्वत ज्ञान प्रदान किया और उन्हें धर्म, वैराग्य और स्पष्ट उद्देश्य के साथ कर्म करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तकें न केवल बौद्धिक विमर्श को समृद्ध करेंगी , बल्कि पाठकों को जीवन, कर्तव्य और आध्यात्मिक समझ के गहरे आयामों पर विचार करने के लिए प्रेरित भी करेंगी। अद्वैत वेदांत एकत्व के दार्शनिक सत्य को प्रस्तुत करता है, जबकि कुरुक्षेत्र वह व्यावहारिक मंच है जहाँ इस सत्य को कर्म के माध्यम से साकार करना होता है। राज्यपाल ने पुस्तकों के लेखक और अपने निजी सचिव श्री शंख चटर्जी की बुद्धिमता, समर्पण और सरल व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें एक बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बताया। उन्होंने कहा कि शंख चटर्जी ने अपने माता-पिता से एक समावेशी बौद्धिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण विरासत में पाया है, जो उनके विचारों और विशेष रूप से आध्यात्मिक विषयों को देखने के उनके नजरिए को समृद्ध बनाता है। हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पुस्तकें हमें जीवन के उद्देश्य के प्रति हमारे दृष्टिकोण को स्पष्ट करती हैं। पुस्तकें ही हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जिस विकसित राष्ट्र की कल्पना करते हैं और जिस संकल्प के साथ आगे बढ़ने की बात करते हैं वह शंख चटर्जी जैसे सृजनशील युवाओं के माध्यम से ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के लिए प्राचीन संस्कृति और नवीन सोच को साथ लेकर चलने वाले युवाओं की बहुत आवश्यकता है। श्री हरविंद्र कल्याण ने कहा कि आज लोकार्पित हुई इन दोनों पुस्तकों के माध्यम से भारत की प्राचीन संस्कृति की लौ जलाने का कार्य हुआ है। हर युवा में यह सोच जगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने पूरी दुनिया को कर्म का संदेश दिया। इन पुस्तकों से पूरे समाज को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि हमारे राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष की नई सोच और विजन से हरियाणा राज्य को नई दिशा मिल रही है। उनके कार्यों से हम सभी को असीम प्रेरणा मिलती है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे रामकृष्ण मठ एवं मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी विमलात्मानंद महाराज ने कहा कि आज लोकार्पित हुईं दोनों ही पुस्तकें हिंदी साहित्य के खजाने को समृद्ध करेंगी। कुरुक्षेत्र हमें सीखाता है कि हमारा जीवन निरंतर चलने वाला युद्ध है जिसमें हमें अपने अहंकार, लोभ, क्रोध और मोह से लड़ते हुए निष्काम कर्म करना होता है। इसी प्रकार अद्वैत वेदांत एक सत्य और एक परमात्मा की अवधारणा के संबंध में जानकारी देते हुए आत्मा और परमात्मा के भेद को समाप्त कर देती है।

इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी, विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, रामकृष्ण मिशन, चंडीगढ़ के सचिव स्वामी बिथिरानंद महाराज, इनेलो के अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, आचार्य सौमिक राहा, सुमेर जैन व अरिहंत जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व लोक भवन हरियाणा के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### 10 मिनट में 15 भेड़ें चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुलाना.** साहलेपुर गांव में शनिवार देर रात एक कार में 15 भेड़ें चोरी करने के मामले में मुलाना पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई कार को भी कब्जे में ले लिया है। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया है। ताकि अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जा सके । मुलाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हाकम निवासी बढैन जिला जींद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई रिट्ज कार को भी कब्जे में ले लिया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि चोरी की गई भेड़ों को आरोपी मनी को बेच दिया है जोकि उन्हें कटने के लिए भेज देता है। आरोपी से भेडें बेचकर प्राप्त राशि भी बरामद की गई है। भेड चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। जिसमें आरोपियों की कार का नंबर स्पष्ट दिखाई दे रहा था । हालांकि आरोपियों ने कार के नंबर से छेड़छाड़ की हुई थी । लेकिन इसके बावजूद पुलिस आरोपियों के गिरेबान तक पंहुच गई । मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने लोगों से और पंचायतों से सीसीटीवी लगवाने और उन्हें सही रखने की अपील की है। शनिवार देर रात करीब 1:40 बजे एक रिट्ज कार में सवार तीन नकाबपोश बदमाश गांव साहलेपुर में भेड़ पालक सतीश कुमार के बाड़े में घुसे है।

## एमएसपी पर खरीद करने की बजाय किसानों पर नई-नई शर्तें थोप रही है बीजेपी: हुड्डा

**रोहतक.** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा प्रदेशभर की मंडियों का दौरा करने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र सांपला की मंडी से की है। हुड्डा ने यहां पहुंचकर किसानों, मजदूरों व आढ़तियों से मुलाकात की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि उन्हें लगातार प्रदेशभर के किसानों से मंडियों में फैली अव्यवस्थाओं की सूचना मिल रही है। क्योंकि बीजेपी सरकार गेहूं और सरसों की खरीद करने की बजाय किसानों पर रोज नई-नई शर्तें थोप रही है। पोर्टल रजिस्ट्रेशन, गेट पास, गारंटर, बायोमेट्रिक, ट्रेक्टर नंबर और वेरिफिकेशन जैसी शर्तों को पूरा करने में ही किसान उलझकर रह जाते हैं और उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। एक तरफ सरकार के अत्याचार और ऊपर से मौसम की मार, किसान बीच में पिसकर रह गए हैं। लगातार हो रही बेमौसमी बारिश के चलते किसानों की खड़ी फसल खराब हो गई है। ऐसे में सरकार को तुरंत स्पेशल गिरदावरी करवाकर उन्हें मुआवजा देना चाहिए। लेकिन ऐसा करने की बजाए सरकार में बैठे मंत्री बचकाने बयान दे रहे हैं कि बारिश की वजह से पैदावार बढ़ जाएगी। विपक्ष के सरकार से मांग है प्रति क्विंटल किसानों को बोनस दिया जाए।

साथ ही, नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि सरकार को मंडियों की व्यवस्थाएं दुरुस्त कर, फालतू की शर्तों को हटाकर जल्द से जल्द फसलों की खरीद सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकार तक किसानों की बात पहुंचाने के लिए वो खुद प्रदेशभर की मंडियों का दौरा करेंगे और किसानों की समस्याओं को सुनेंगे। इसका ऐलान करते हुए उन्होंने अपना शुरुआती कार्यक्रम जारी किया है। कार्यक्रम के तहत वह सांपला के बाद बुधवार को नारायणगढ़, साढ़ौरा, बराड़ा और अंबाला जाएंगे। वीरवार को हुड्डा पिपली और करनाल की अनाज मंडियों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के तमाम विधायकों को भी निर्देश दिया हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की मंडियों में जाकर किसानों की आवाज उठाएं और सरकार व प्रशासन को सचेत करें।

### विधायक ने किया मंडियों का निरीक्षण

**नारायणगढ़.** विधायक शैली चौधरी ने मंगलवार को नारायणगढ़ एवं शाहजादपुर की अनाज मंडियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी गेट पर स्थापित किसान सहायता केंद्र एवं ऑनलाइन गेट पास प्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने मौके पर मौजूद किसान भाइयों एवं आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान खरीद सीजन को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मशीनरी व कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को गेट पास सहित अन्य प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा, तोल प्रणाली, फसल सत्यापन एवं बायोमेट्रिक प्रणाली सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में सभी सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित हों और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## खोखा रखने को लेकर बवाल, दो पक्षों में चले ईंट-रोड़े

**लाडवा.** लाडवा के रेड़ रोड़ पर मंगलवार को विस्तार अनाज मंडी गेट के पास उस समय एक बड़ा हंगामा हो गया जब एक खोखा मालिक सड़क किनारे अपना खोखा रखना चाह रहा था। वहीं अपनी दुकान के सामने खोखा रखने का विरोध कर रहे थे। दुकानदार व खोखा रखने के वाले के बीच कहासुनी शुरू हो गई। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच ईंट-रोड़े चलने शुरू हो गए, जिसके कारण दोनों पक्षों को चोटें भी आई है। मामला लाडवा पुलिस तक पहुंच गया। सुचना मिलते ही डायल-112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षो के बीच हुए झंगडे को बंद करवाया। एक पक्ष जहां सड़क किनारे अपना खोखा रखना चाह रहा था वहीं दूसरा पक्ष खोखा रखने का विरोध कर रहा था। लाडवा पुलिस ने दोनों पक्षों को पुलिस थाना बुलाया गया है। परचुन की दुकान करने वाले दीपक व उसकी पत्नी ने बताया कि सड़क पर खोखे रखकर नच केवल सड़क पर अतिक्रमण किया जा रहा है, बल्कि अपने खोखे सहित तीन-चार अन्य खोखे रखवाकर उनसे किराया तक वसुलते है। यही नहीं खोले में सट्टा खेलते है व शराब तक पीते, जिससे वहां पर रहने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है, जबकि महिलाओं को सबसे ज्यादा। क्योंकि जहां यह खोखा रख रहे है उसके बिल्कुल सामने सड़क पार उनकी दुकान है, जिस पर उनकी पत्नी बैठती है। खोखे पर आने वाले शराबी व जुवारी बूरी नजर भी रखते है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे खोले न रखे जाए। वहीं सड़क किनारे खोखा रख रहे युवक श्रवण शर्मा ने कहा कि उसका पिछले करीब 20 साल से खोखा रखा हुआ था। सड़क पर नाले का काम चलने के कारण उन्होंने खोखे को उठा लिया था।

## खिलाड़ी भारती ने चमकाया नाम, राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**बराड़ा.** मंगलवार सुबह बराड़ा के गांव थंबड़ में जश्न का माहौल रहा। पूरा गांव ढोल की थाप पर खुशी मनाता नजर आया। दरअसल गांव की युवा खिलाड़ी भारती ने दौड़ प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल हासिल कर गांव ही नहीं बल्कि पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। काफिले के साथ सुबह पहले भारती अपने माता-पिता, परिजनों और गांव के सैकड़ों लोगों के साथ गांव के खेड़ा मंदिर में पहुंची जहां उसने माथा टेका। वहीं, गांव के सरपंच रोहताश राणा, ब्लॉक समिति सदस्य सुधा सिंह, बीरबल राणा, कुशलपाल राणा समेत अन्य ने उसका फूलमालाओं के साथ स्वागत किया।

इसके बाद उसका काफिला गोगामाड़ी के लिए रवाना हुआ। रास्ते में भारती का गांव के लोगों ने भव्य स्वागत किया। मानो पूरे गांव को भारती पर गर्व हो रहा था। भारती ने बताया कि वह अपने कोच विनोद राणा से कोचिंग लेकर खेलों में भाग ले रही हैं। करनाल के कर्ण स्टेडियम में राज्य स्तरीय दो दिवसीय अंडर 20 एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन 4-5 अप्रैल को किया गया। जिसमें भारती ने तीन किमी दौड़ में गोल्ड मैडल जीता और पांच किमी में रजत मैडल जीता। इसके बाद उसका नैशनल गेम्स के लिए चयन हो गया है। भारती ने 12वीं की परीक्षा दी है और वह इससे पहले भी कॉस कंट्री रेस में नेशनल में मैडल जीत चुकी है।

# मानसून आने से पहले आबादी क्षेत्र व खेतों से पानी निकासी का प्रबंध किए जाएं : सांसद धर्मबीर सिंह

पंचकूला ऑब्जर्वर



**भिवानी.** लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह व हिसार के सांसद जयप्रकाश ने विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि और डीसी साहिल गुप्ता भी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित 45 एजेंडे रखे गए। बैठक में जहां एक तरफ विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए वहीं सांसद धर्मबीर सिंह व जयप्रकाश ने मानसून के आने से पहले आबादी क्षेत्र व खेतों से पानी निकासी का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

सांसद धर्मबीर सिंह ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि भिवानी-घघ्घर ड्रेन और समैण-धनाना ड्रेन की हर संभव क्षमता बढ़ाई जाए और दोनों तरफ मिट्टी डालकर बर्म को मजबूत बनाया जाए ताकि पानी के दबाव से टूटने की स्थिति ना बने। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव संभावित गांवों में तालाब ओवरफ्लो ना हों, यदि कहीं ऐसा होता है तो वहां से पानी निकासी के समुचित प्रबंध अभी से सुनिश्चित किए जाएं।

बैठक के दौरान कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग की योजनाएं प्रधानमंत्री ग्राम सड? योजना, मत्स्य विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा के साथ-साथ बिजली, पेयजल, सड?, रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से जुड़े कार्यों की स्थिति पर भी अधिकारियों से जानकारी ली गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए ताकि परियोजनाएं शुरु होनी हैं, उनकी जल्द से जल्द सभी औपचारिकताएं पूरी की जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे किसी भी स्तर पर देरी ना करें।

सांसद धर्मबीर सिंह ने बैठक के दौरान खरक व बामला बाईपास और लोहारू तक रोड़ को फोरलेन बनाने एस्टीमेट अतिशीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से उन्होंने तिगड़ाना मोड़ से जुई नहर और ऑटो मार्केट देवीलाल चौक से दादरी रोड़ पर गांव हालुवास से आगे बाईपास चौक पर फ्लाईओवर बनाने के कार्य की औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने को कहा। इस दौरान बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि बवानीखेड़ा सामान्य अस्पताल का भवन जर्जर हो चुका है, ऐसे में वहां से कुछ अस्पताल का हिस्सा फायर ऑफिस में शिफ्ट किया जा सकता है। इसी प्रकार से उन्होंने बाबा जरनानाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करवाने को कहा। उन्होंने बताया कि गांव जाटू लोहारी से बलियाली मार्ग पर रेलवे लाईन के नीचे जमा होने वाले पानी के समाधान का टेंडर हो चुका है, जिस पर शीघ्र काम शुरु हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि खेत खलियान के तहत रास्तों को पक्का करने के काम में तेजी लाई जाए।

बैठक में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने एजेंडा प्रस्तुत किया। इस दौरान एसडीएम भिवानी के महेश कुमार, तोशाम के एसडीएम संदीप कुमार, लोहारू से एसडीएम मनोज दलाल और सिवानी से एसडीएम विजया मलिक, डीएमसी हरबीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**एशिया कबड्डी फैडरेशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी रहे समापन समारोह के मुख्यातिथि**

# आल इंडिया सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में सीआरएसयू जींद की टीम बनी विजेता

पंचकूला ऑब्जर्वर

**हिसार.** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजविप्रौवि), हिसार के महाराणा प्रताप स्टेडियम में हुई अखिल भारतीय अन्तर्विश्विद्यालय सर्कल स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हो गई। महिला वर्ग में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद की टीम चैंपियन बनी। विजेता टीम ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की टीम को 26-19 से हराया। तीसरे स्थान पर गुजविप्रौवि की टीम के साथ मारवाडी विश्वविद्यालय राजकोट की टीम रही। समापन समारोह के मुख्यातिथि एशिया कबड्डी फैडरेशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह सैनी रहे। अध्यक्षता मेजबान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने की। मुख्यातिथि गुलाब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि सर्कल कबड्डी केवल एक खेल नहीं बल्कि हमारी मिट्टी की सुगंध है। यह खेल जीवन का आइना है। जहां हमे खुद से ही चुनौतियों का सामना करना पडता है और खुद ही निर्णय लेने पडते हैं। साथ ही यह खेल टीम वर्क का भी एक श्रेष्ठ उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर कबड्डी का भविष्य उज्ज्वल है। दुनिया के 50 देशों में कबड्डी खेली जा रही है। गुलाब सिंह सैनी ने खिलाडियों से कहा कि उन्हें आने वाले समय में और अधिक बेहतर अवसर मिलेंगे।

इसके लिए फैडरेशन ने खास योजना तैयार की है। प्रतिष्ठित कनाडा लीग में अब हरियाणा के खिलाडियों को सीधे एन्ट्री मिल रही है। शीघ्र ही भारत में भी सर्कल कबड्डी लीग आरंभ किए जाने की योजना है। इससे खिलाडियों को और अधिक बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार दोनों मिलकर कबड्डी खेल को उच्च स्थान दिलवाने के लिए सहरानीय कार्य रही हैं। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि यह खेल आयोजन ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन का उत्सव रहा। इस खेल आयोजन में मैदान पर साहस, खेल भावना और रणनीति का जीवंत प्रदर्शन हुआ। कबड्डी हमारी सांस्कृतिक पहचान है। इस खेल में हरियाणा की विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा है।

अब यह खेल परंपराओं के प्रतीक से आगे बडकर युवाओं के लिए कैरिअर की पहचान भी बन चुका है। उन्होंने गुजविप्रौवि की खेल उपलब्धियों को जिक्र करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा निखारने के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है। विश्वविद्यालय के खेल की दिशा में प्रयासों के चलते ही विश्वविद्यालय में हरियाणा सरकार द्वारा शुटिंग, फुटबॉल और योगा के उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए एक करोड रूपए का अनुदान मिला है।

विश्वविद्यालय के खेल विभाग के अधिष्ठाता प्रो. आशीष अग्रवाल ने स्वागत संबोधन में इस आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धन्यवाद संबोधन खेल निदेशक डा. एसबी लूथरा ने प्रस्तुत किया।

### एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**मुलाना.** एम.एम. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, महर्षि मार्कंडेश्वर डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी मुलाना ने नर्सिंग प्रोफेशनलिज्म बियॉन्ड कॉम्पिटेंस टू एक्सीलेंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का आयोजन डॉ. ज्योति सारिन प्राचार्य, एम.एम. कॉलेज ऑफ नर्सिंग के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने मुख्य अतिथि एवं सम्मानित वक्ताओं का हार्दिक स्वागत किया। इस कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों से आए नर्सिंग छात्रों, शोधार्थियों एवं पेशेवरों सहित कुल 135 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सरिता शर्मा मौजूद रही।

# दर्शकों के पास अब पूरी आजादी है कि वे फिल्मी पर्दे चुनें या ओटीटी : कुब्रा सैत



बॉलीवुड और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की दुनिया लगातार बदल रही है। दर्शकों के पास अब विकल्प हैं कि वे किसी कहानी को ब? पर्दे पर देखें या सीधे अपने फोन या टीवी पर। इस बदलते दौर में अभिनेत्री कुब्रा सैत ने अपने विचार साझा किए हैं, जो फिल्म और ओटीटी के बीच की बहस में नए दृष्टिकोण को सामने लाते हैं। उन्होंने बताया कि कहानी और पात्रों के साथ भावनात्मक जु?ाव ही सबसे महत्वपूर्ण होता है और माध्यम इस जु?ाव को प्रभावित नहीं करता। आईएएनएस से बात करते हुए कुब्रा सैत ने कहा, दर्शकों के पास अब पूरी आजादी है कि वे किसी भी माध्यम को चुनें। अगर कहानी दिल को छूती है, तो यह मायने नहीं रखता कि वह फिल्म के पर्दे पर है या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर। असली सवाल यह है कि दर्शक कहानी से कितना जुड़ जाते हैं और उसके किरदारों को कितनी गहराई से महसूस करते हैं। जब आईएएनएस ने उनसे पूछा कि फिल्म बनाम ओटीटी में कौन बेहतर है, तो कुब्रा ने कहा, इसमें कोई विजेता या हारने वाला नहीं है। यह बस अलग-अलग माध्यम हैं। दोनों माध्यमों का अपना महत्व है और दर्शक अपने अनुभव के हिसाब से इसे चुनते हैं।

कुब्रा ने कहा, वास्तविक भावनात्मक जुड़ाव ही सबसे महत्वपूर्ण है। चाहे कहानी फिल्मों में हो या ओटीटी पर, दर्शक का अनुभव वही तय करता है कि वे कितने प्रभावित होते हैं। अगर कहानी दिल को छूती है, किरदार सजीव महसूस होते हैं और दर्शक उसमें खुद को जोड़ पाते हैं, तो माध्यम का कोई बड़ा असर नहीं पड़ता। कुब्रा ने सोशल मीडिया के प्रभाव पर भी अपनी राय दी। उन्होंने कहा, आज सोशल मीडिया ने अभिनेत्रियों और कलाकारों के लिए बॉडी स्टैंडर्ड्स के दबाव को बढ़ा दिया है। लोग प्लेटफॉर्म को ही दोष देते हैं, जबकि असल में हम खुद को लेकर असुरक्षा महसूस करते हैं। मेरा मानना है कि आत्मविश्वास और खुद पर भरोसा ही असली सुरक्षा है। उन्होंने कहा, मैं अपने शरीर को केवल बेसिक फिटनेस तक सीमित रखती हूं। अगर कोई अन्य व्यक्ति अपने तरीके से फिटनेस या लुक बनाए रखता है, तो यह उसका व्यक्तिगत निर्णय है। किसी और की तुलना में खुद को आंकना बंद करना चाहिए और अपनी जिंदगी पर ध्यान देना चाहिए। असुरक्षा या सुरक्षा अंदर से आती है, सोशल मीडिया से नहीं। उन्होंने कहा कि कलाकारों को सोशल मीडिया या बाहरी दबाव असुरक्षित महसूस करवा सकते हैं, लेकिन अगर वे खुद पर भरोसा रखें।

# बॉक्सर अवतार में दिख रहे पुलकित सम्राट की ग्लोरी का दमदार टीज़र रिलीज



मुंबई दमदार टोन और पावरफुल विजुअल्स के साथ आखिरकार पुलकित सम्राट की वेब सीरीज ग्लोरी का टीज़र रिलीज हो चुका है और इसने आते ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। अपने पिछले किरदारों से अलग ग्लोरी में पहली बार बॉक्सर के रूप में, नजर आ रहे पुलकित सम्राट ने अपने ऑन-स्क्रीन इमेज में एक बड़ा बदलाव किया है। अपने रोमांटिक और कॉमिक किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले पुलकित इस बार एक जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन के साथ सामने आए हैं। टीज़र में दर्शकों को उनकी जबरदस्त फिजीक के साथ सख्त ट्रेनिंग, इमोशनल पलों और दमदार बॉक्सिंग सीक्वेंसेज़ की झलक देखने को मिली है, जो संघर्ष, जज़्बे और खुद को साबित करने की कहानी की ओर इशारा करती है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए पुलकित ने कहा, मुझे ग्लोरी की दुनिया की सच्चाई ने खींचा, जो कठिन और बेरहम है, लेकिन यही इसे खूबसूरत भी बनाती है। दरअसल यहां हर जीत मायने रखती है और हर कदम जरूरी है।

रवि रिएक्ट नहीं करता, वो सब कुछ अपने अंदर समेटता है। वो बाहर से शांत है, लेकिन अंदर आग है उसके और उसका यही संतुलन, उसकी असली ताकत है। इस किरदार को निभाते हुए मुझे एहसास हुआ कि ग्रेटनेस बार-बार उठकर खड़े होने में है, फिर चाहे कितना भी दर्द क्यों न हो इसलिए चैंपियन वही बनते हैं, जो हर मुश्किल से गुजरते हैं। फिलहाल इस सफर के लिए आभारी हूं और ये तो बस एक झलक है। मोहित शाह और करण अंशुमान द्वारा निर्मित और करण अंशुमान के निर्देशन में बनी सीरीज ग्लोरी में पुलकित सम्राट के साथ दिव्येंदु शर्मा और सुविंदर विकी भी अहम भूमिकाओं में हैं।

फिलहाल ग्लोरी के टीज़र को सोशल मीडिया पर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फैंस पुलकित के इस नए लुक और उनके डेडिकेशन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कई लोग इसे उनके करियर का सबसे दमदार और अलग अवतार बता रहे हैं, जिससे ग्लोरी को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। अब पुलकित के दर्शकों को इंतजार है 1 मई 2026 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रहे इस सीरीज का, जहां उन्हें एक ग्रिपिंग और हाई-इम्पैक्ट सिनेमैटिक अनुभव मिलेगा।



# राजकुमार राव ने शुरू की गांगुली बायोपिक की शूटिंग

राजकुमार राव ने हाल ही में अपनी फिल्म टोस्टर की अनाउंसमेंट की थी, जो नेटफ्लिक्स पर 15 अपैल को रिलीज होगी। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। बता दें कि एक्टर 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' फिल्म की शूटिंग की शुरुआत कर चुके हैं, जो पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली पर आधारित होगी। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कैप्शन दिया- और अब इसकी शुरुआत हो चुकी है। फिल्म को लव फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है।

### बॉलीवुड सेलेब्स ने दी बधाई

पोस्ट शेयर करने के बाद बॉलीवुड सेलेब्स ने भी एक्टर को उनके प्रोजेक्ट के लिए शुभकामनाएं दी हैं। फराह खान, नेहा धूपिया और सचेत टंडन ने पोस्ट पर 'ऑल द बेस्ट' कमेंट किया। वहीं ऋत्विक साहोरे, अपारशक्ति खुराना और ईशा अग्रवाल ने भी एक्टर की पोस्ट पर कमेंट कर बधाई दी।

### फिल्म के बारे में

बता दें कि फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली, जिन्हें 'दादा' के नाम से जाना जाता है, उनके जीवन और उनके क्रिकेटिंग करियर पर आधारित होगी। इस मूवी पर काफी समय से काम चल रहा था, और इसके लिए राजकुमार राव ने वजन भी घटाया है। हालांकि अभी तक फिल्म की अन्य कास्ट और इसकी रिलीज डेट को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया है।

### 15 अप्रैल को रिलीज होगी 'टोस्टर'

राजकुमार राव फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म की बाकी कास्ट की बात करें तो इसमें राजकुमार राव के साथ सान्या मल्होत्रा, फराह खान, अभिषेक बनर्जी, अर्चना पूरण सिंह, सीमा पाहवा और जितेंद्र जोशी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन विवेक दास चौधरी ने किया है। फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# कुब्रा सैत ने बताया कैसे हुई 'फर्जी 2' में एंट्री

**कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की 'फर्जी 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा से फिर नजर आएंगी। इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने 'फर्जी 2' को हां कहा था?**




### दोनों सीजन के लिए तुरंत कह दिया था हां

बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी।

### मैं नहीं लेती कोई दबाव

प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती।

### समय के साथ हुई मजबूत

समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन जब आपको पता होता है कि आपने अपना काम ईमानदारी से किया है, तो आप इसे जाने देते हैं। समय के साथ यह विश्वास और भी मजबूत हुआ है। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में लोगों को समझने में समय लगता है। जब 'सेक्रेड गेम्स' रिलीज हुई, तब मैं मीडिया के लिए नई नहीं थी। मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती रही। जब मैंने 'रेडी' की शूटिंग की, तब मुझे यह भी नहीं पता था कि पीआर का मतलब क्या होता है? मैंने सचमुच एक रेस्टोरेंट के बाहर लोगों से इंटरव्यू लिया क्योंकि मैं चाहती थी कि लोग मुझे जानें।



# राशा थडानी ने बताया क्यों पसंद हैं दक्षिण भारत की फिल्में!

एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी को साउथ सिनेमा में डेब्यू करके बेहद खुशी हो रही है। वो अपनी अगली फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' से साउथ में कदम रखने जा रही हैं और उन्होंने ये भी बताया है कि उन्हें वहां की क्या अच्छा लगता है।

### राशा थडानी की साउथ सिनेमा में एंट्री

फिल्म इंडस्ट्री में अभी सिर्फ एक फिल्म ही कर चुकीं राशा थडानी अब साउथ सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। उनकी अगली फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' है। हाल ही में, इसी महीने उनके जन्मदिन पर, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के बिहाइंड द सीन्स का एक वीडियो रिलीज किया, जिसमें राशा थडानी के लुक की झलक मिलती है। फिल्म को मिल रहे रिएक्शन से एक्ट्रेस बेहद खुश हैं और इस नए प्रोजेक्ट को लेकर एक्साइटेड हैं। राशा थडानी ने पिछले साल आमन देवगन के साथ फिल्म 'आजाद' से डेब्यू किया था। इस नए प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित राशा कहती हैं, 'मुझे साउथ सिनेमा देखना बहुत पसंद है, चाहे वो प्रभास सर की फिल्में हों, जूनियर एनटीआर सर की हों, महेश बाबू सर की हों या किसी और की। मुझे उनकी फिल्मों का भव्य अंदाज बहुत अच्छा लगता है। इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना वाकई बेहद खुशी की बात है।' रश्मिका के बारे में बोलीं राशा 21 साल की राशा आगे कहती हैं कि उनकी फीमेल को-स्टार्स चाहे रश्मिका मंदाना हों या श्रीलीला, सभी बेहद प्रेरणादायक हैं।

### राशा थडानी का साउथ में डेब्यू

राशा थडानी इस लव स्टोरी से साउथ सिनेमा में डेब्यू कर रही हैं, जिसमें महेश बाबू के भतीजे जया कृष्णा घट्टमनेनी भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अजय भूपति कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले फिल्म आरएक्स 100 का निर्देशन किया था। श्रीनिवासा मंगपुरम की आधिकारिक घोषणा नवंबर 2025 में की गई थी।

### राशा की फिल्म 'लाइका लाइकी'

अब राशा अपनी दूसरी फिल्म 'लाइका लाइकी' की रिलीज के लिए भी तैयार हैं, जिसमें उनके साथ अभय वर्मा लीड रोल में हैं। फिल्म के पहले पोस्टर इस साल की शुरुआत में जारी किए गए थे और एक्ट्रेस को मिली प्रतिक्रिया से बेहद खुशी है। पोस्टरों के अनोखे फीचर ने कहानी को लेकर फैंस को एक्साइटेड कर दिया है और राशा इस बात से खुश हैं कि दर्शक अभी से फिल्म को लेकर खुश हैं।

### फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं राशा

फिल्म के बारे में बात करते हुए राशा कहती हैं, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत बड़ी होने वाली है, और यह पहले से ही है। निर्देशक सौरभ गुप्ता ने 'एनिमल' के डायलॉग लिखे हैं और अभय बहुत खास हैं। यह फिल्म लोगों को चौंका देगी और मुझे उम्मीद है कि यह लोगों की मुझसे अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी।'

# ऋषभ शेट्टी की 'छत्रपति शिवाजी महाराज' में विलेन का किरदार निभाएंगे अर्जुन रामपाल



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल इन दिनों चर्चा में हैं। उनकी हालिया फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और अर्जुन के खलनायक किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। अब इस सफलता के बाद अर्जुन रामपाल जल्द ही ऋषभ शेट्टी की बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक फिल्म 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज' में मुख्य विलेन के रूप में नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म में अर्जुन रामपाल एक ताकतवर विरोधी का किरदार निभाएंगे, जो मुख्य नायक यानी ऋषभ शेट्टी के किरदार से टक्कर लेगा। उनके इस रोल को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में पहले से ही उत्साह है। फैंस अर्जुन के नए अवतार के लिए बेहद उत्साहित हैं और उनकी एक्टिंग रेंज को इस रोल में और मजबूत होने की उम्मीद है। छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के महान योद्धा की जीवन गाथा पर आधारित एक महाकाव्य फिल्म है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के साहस, रणनीति, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम को दर्शाया जाएगा। फिल्म में शेफाली शाह राजमाता जीजाबाई के किरदार में दिखाई देंगी। प्रोडक्शन इस साल के मध्य में शुरू होने की उम्मीद है। फिल्म तकनीकी दृष्टि से भव्य होगी और इसके सेट, विजुअल इफेक्ट्स और कॉस्ट्यूम डिजाइन को लेकर खास तैयारी की जा रही है।

### अर्जुन रामपाल का किरदार

अर्जुन रामपाल ने 'धुरंधर 2' में अपने खलनायक किरदार के लिए खूब सराहना पाई। अब वह एक और बड़े प्रोजेक्ट में विलेन की भूमिका निभाकर दर्शकों को रोमांचित करने वाले हैं। उनकी भूमिका केवल एक विलेन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि फिल्म की थ्रिल और इमोशनल इंटेंसिटी में चार-चांद लगाएगी। सोशल मीडिया पर फैंस ने अर्जुन के इस नए अवतार को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। कई लोग मान रहे हैं कि यह किरदार उनकी एक्टिंग कैरियर के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा। फिल्म जगत के जानकार इसे 2026-27 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक मान रहे हैं। अर्जुन रामपाल की विलेन भूमिका फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com